तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री से.
न्यूनतम 31.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

10 प्रधानमंत्री की हरित परिवहन की सोच को मिला ...



10 इलेक्ट्रिक वाहन से समर्थकों संग रैली में पहुंचे...










जींद। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते हुए लोग और रैली मंच पर पीएम को पगड़ी पहनाते हुए सीएम नायब सैनी तथा पीएम से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री ने जींद में हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाने के बाद जनसभा को किया संबोधित

# मुख्यमंत्री नायब के नेतृत्व में हरियाणा सरकार कर रही बेहतरीन काम : मोदी


1. बिना खर्ची व पर्ची के नौकरी देने का जो रास्ता हरियाणा सरकार ने दिखाया है, वो नही था आसान
2. स्वच्छता से स्वागत पहल को लोगों ने जिस गंभीरता से लिया है, वो दिल खुश कर देने वाला
3. भारत ने पहली बार में सीधे 10 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन चलाकर, विश्व में अपना झंडा गाड़ दिया
4. प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2030 में भारत कॉमनवेल्थ गेम्स को होस्ट करने वाला है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की डबल इंजन सरकार सबका साथ.सबका विकास के मंत्र पर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार यहां के नौजवानों, किसानों, बहनें, बेटियां, ए सबके लिए बेहतरीन काम कर रही है। बिना खर्ची व पर्ची के नौकरी देने का जो रास्ता हरियाणा सरकार ने दिखाया हैए वो इतना आसान नहीं था लेकिन ये भाजपा सरकार ने करके दिखाया है। हरियाणा अब तेज विकास के पथ पर दौड़ रहा है। खेती हो या फिर उद्योग, ये दो ऐसे पहिए हैंए जो हरियाणा को सशक्त कर रहे हैं।

## यो कोई साधारण धरती नहीं सै : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करने के बाद जींद में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा, कृष्ण मिड्ढा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणवी में कहा कि यहां आकर मन गदगद हो गया है। यो कोई साधारण धरती नहीं सै। यो धरती इतिहास, वीरता, धर्म और गौरव की धरती सै। शक्ति पीठ माता जयंतियां का नाम और आशीर्वाद इस शहर पर बना रहता है। यहां के लोगों ने जो अपनत्व दियाए जो प्रेम दिया, वो आज तक नहीं भूला। मुर्रा भैंस का दूध व दही और घी, जींद का देशी बूरा और यहां का घेवर, ये वो यादें हैं, जो जींद से जुड़ ही जाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने वर्षों में जींद का घी और घेवर तो नहीं बदला लेकिन जींद के तेवर बदल गए हैं। आज जींद, बीजेपी, एनडी, के सुशासन मॉडल की तस्वीर बन रहा है। बीते वर्षों में पूरा हरियाणा ही विकास की नई पटरी पर चल पड़ा है। आज का ये कार्यक्रम डबल इंजन की बीजेपी सरकार के इसी मिशन को नई ऊर्जा से भर रहा है। उन्होंने कहा कि आज जींद, हरियाणा का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। आज यहां से देश को पहली हाइड्रोजन ट्रेन मिली है। आज भी हम पढ़ते हैं सुनते हैं कि भारत में पहली ट्रेन बॉम्बे से ठाणे के बीच चली थी।



जींद। कार्यक्रम के दौरान भीड़ के बीच बैठे केबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी। फोटो :हरिभूमि

## पीएम ने बयां किया 19वीं सदी से वर्तमान तक रेलवे का सफर

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्नीसवीं सदी के रेलवे की पहचान स्टीम इंजन से बने थे। बीसवीं सदी की पहचानए डीजल और बिजली से चलने वाली रेल बनी और अब इक्कीसवीं सदी की रेल हाइड्रोजन से चलने वाली है। आज भारतीय रेल ने भी, इक्कीसवीं सदी की इस टेक्नोलॉजी में एक बड़ा स्टेप लिया है। आज जींद से सोनीपत के बीचए हाइड्रोजन ट्रेन चली है। अभी ये सफर 90 किलोमीटर का है लेकिन भविष्य में इसका विस्तार होने की बहुत संभावनाएं हैं। दुनिया में हाइड्रोजन ट्रेन अभी-अभी आई है, करीब सात-आठ साल पहले ही अस्तित्व में आई है। अभी दुनिया के तीन या चार देश ही हैं, जिनके पास हाइड्रोजन ट्रेन चलाने का सामथ्र्य है। और जिन देशों में अभी ऐसी हाइड्रोजन ट्रेन चल भी रही हैए वहां बहुत शुरुआती दौर में है लेकिन जींद से सोनीपत चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन है। ये हाइड्रोजन ट्रेन 3200 हॉर्स पावर की है और सबसे ताकतवर ही नही भारत की हाइड्रोजन ट्रेन सबसे लंबी भी है। भारत ने पहली बार में सीधे 10 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन चला कर, दुनिया में अपना झंडा गाड़ दिया है। भारत की ये हाइड्रोजन ट्रेन, धुआं रहित तो है हीए ये मेक इन इंडिया का भी एक बहुत सफल उदहारण है। इस हाइड्रोजन ट्रेन को भारत के ही इंजीनियर्स ने डिजायन किया है, भारत की ही कंपनी ने इसको बनाया है। ये हाइड्रोजन ट्रेन, बाकी ट्रेनों से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां हाइड्रोजन ट्रेन से जुड़ा और भी इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा, नई-नई फैक्ट्रियां लगेंगीए जो हाइड्रोजन ट्रेन नेटवर्क की ज़रूरतों को पूरा करेंगी। इस ट्रेन से हरियाणा के नौजवानों के लिए रोजगार के अनेक नए अवसर बनने तय हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारतीय रेल में जो ये बड़े बदलाव हुए इससे भारत को फायदा हुआ है।

## 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए हर खिलाड़ी जोरदार तैयारी करे : पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही वे इंडोनेशियाए ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की यात्रा से लौटे हैं। इस दौरान वहां भारत ने अनेक तरह के समझौते किए। लेकिन एक विषय ऐसा है जिस पर उतनी बात नहीं हुई। ये विषय विशेषकर हरियाणा के युवाओं से जुड़ा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में वहां की सरकारों सेए स्पोर्ट्स को लेकर व्यापक चर्चा हुई है। इन दोनों देशों के साथ मिलकर, आने वाले समय में हम स्पोर्ट्स इंडस्ट्री, खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, ऐसे अनेक मामलों में बहुत सारा काम साथ मिलकर करने वाले हैं। इससे हरियाणा के युवाओं को भी बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत में स्पोर्ट्स को फिटनेस और रोजगार का बड़ा माध्यम बनाया जा रहा है। हमारी सरकार ने नई नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसीए खेलो भारत नीति भी बनाई है। खेलो इंडिया अभियान से लेकर टीओपीएस स्कीम तक, आज खिलाड़ियों को अभूतपूर्व सुविधाएं मिल रही हैं। उन्हें हजारों रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। यहां हरियाणा में भी, भाजपा सरकार, खेल और खिलाड़ियों को बहुत प्रोत्साहन दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2030 में भारत कॉमनवेल्थ गेम्स को होस्ट करने वाला है। 2036 में ओलंपिक गेम्स भारत में हों, इसके लिए हम पूरी तैयारी कर रहे हैं। इसलिए हर खिलाड़ी को ज़ोरदार तैयारी करनी है।

## किसान हित सरकार की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों का हित हमारी प्राथमिकता में है। जींद की मंडी तो हरियाणा की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है। डबल इंजन की भाजपा सरकार के कारण, हरियाणा के किसानों को बहुत लाभ हो रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि से हरियाणा के किसानों कोए करीब आठ हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं। इसमें जींद के हमारे किसानों को भी 600 करोड़ रुपए से ज्यादा मिल चुके हैं। इसी भाव के साथए आज कुरुक्षेत्र में एक सिख म्यूजियम की आधारशिला रखी गई है। हरियाणा का ये नया संग्रहालय, भारत की महान गुरु परंपरा को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाएगा।

## ये रहे मौजूद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिढ़ा, राज्य सभा सांसद संजय भाटिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, उचाना विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री, चेयरमैन कैप्टन योगेश, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, जिला प्रभारी मदन गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, हिसार लोकसभा प्रभारी जवाहर सैनी, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक आदि मौजूद रहे।

## आज जींद कई हाइवे से जुड़ा

उन्होंने कहा कि आज जींद जो इतने सारे हाइवे से जुड़ रहा है। आज दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा वाले हिस्से का लोकार्पण हुआ है। जींद-गोहाना नेशनल हाईवे भी राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके अलावा, अंबाला-काला अंब फोरलेन से भी हरियाणा और हिमाचल, दोनों राज्यों के लोगों को बहुत सुविधा होगी। अब जींद देश का ऐसा जिला बन गया हैए जो पांच.पांच नेशनल हाइवे से कनेक्टेड है। ऐसी कनेक्टिविटी से यहां के किसानों और पशुपालकों की उपज को बड़ी मंडियों तक पहुंचाना आसान और सस्ता होगा। इससे उद्योगों को बल मिलेगाए पर्यटन को पंख लगेंगेए और इससे बड़ी संख्या में नए रोजगार भी बनेंगे।

## डिप्टी स्पीकर बैल बुग्गी से तो जनता ई-वाहनों से पहुंची

**जींद।** हरियाणा के जींद में प्रधानमंत्री की जनसभा ने पर्यावरण संरक्षण का अनुपम उदाहरण पेश किया गया। पूरी रैली को ईको फ्रेंडली बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। रैली में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा बैल बुग्गी से पहुंचे तो आम जनता बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल कर रैली स्थल पहुंची। इसके अलावा कई कार्यकर्ता तो पैदल ही रैली स्थल तक पहुंचे। किसी ने भी पेट्रोल व डीजल के वाहनों का प्रयोग नही किया। प्रधानमंत्री की इस सभा में हजारों की संख्या में लोग जुटे। रैली स्थल पर पहुंचने वाले डिप्टी स्पीकर ने पारंपरिक बैल बुग्गी का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि आज का यह संदेश बहुत महत्वपूर्ण है। हम अपनी जड़ों को नहीं भूल सकते। बैल बुग्गी पर्यावरण के अनुकूल है और हमें सिखाती है कि विकास के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण भी जरूरी है। उनकी इस अनोखी आमद ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। दूसरी ओर आम जनता ने आधुनिकता और पर्यावरण संरक्षण का बेहतरीन मिश्रण दिखाया। सैंकड़ों इलेक्ट्रिक स्कूटर, ई बसों, ई-रिक्शा और ई कारों का काफिला रैली स्थल तक गया। स्थानीय प्रशासन ने ई वाहनों के लिए विशेष पार्किंग और चार्जिंग सुविधाएं उपलब्ध कराईं।



जींद। टीवी पर प्रधानमंत्री का भाषण सुनते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

## शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात रहे

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद आ रहे हैं। उनकी सुरक्षा को देखते हुए पुख्ता प्रबंध किए गए। शहर की सडक़ों पर आवाजाही को रोकने के लिए जगह-जगह नाकाबंदी की गई है। ऐसे में शुक्रवार को जींद शहर की सडक़ें दोपहर तक बिना वाहनों के खाली नजर आई। इस नजारे ने कोरोना काल की याद दिला दी।

भारत देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद आए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पहले ही रूट डायवर्ट किए गए थे ताकि शहर में जाम की स्थिति न रहे। इसके अलावा पटियाला चौक, गोहाना रोड सहित अन्य जगहों पर नाकाबंदी की गई थी। शहर में भीड़ न रहे, इसके लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात रहे।

हैलीकॉप्टर से आए पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकॉप्टर से जींद पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने जींद जंक्शन पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन किया।




जींद। दुल्हन की तरह तैयार किया गया रेलवे जंक्शन। फोटो :हरिभूमि

## पीएम कार्यक्रम को लेकर रेलवे जंक्शन बना रहा पुलिस छावनी

**जींद।** जींद रेलवे जंक्शन को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन के लिए पूरी दुल्हन की तरह सजाया गया। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाइड्रोजन ट्रेन को जींद जंक्शन से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रेलवे जंक्शन को चारों तरफ से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की छावनी में तबदील कर दिया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्कूली बच्चों का जत्था ट्रेन में पहली बार सफर करने के लिए पहुंचना शुरू हो गया है। इसके अलावा जंक्शन पर अन्य रेल यात्रियों के लिए भी आवागमन की सुविधा को बरकरार रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार सुबह जींद रेलवे जंक्शन से हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जींद जंक्शन को दुल्हन की तरह सजाया गया। हाइड्रोजन ट्रेन व जंक्शन को फूलों की साज-सज्जा दी गई है। जो हर किसी का ध्यान आकर्षित कर रही थी। हालांकि रेलवे जंक्शन के अंदर किसी को जाने की इजाजत नही है। उद्घाटन समारोह को देखते हुए जींद रेलवे जंक्शन को सुरक्षा घेरे में लिया हुआ था। पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां हर तरफ तैनात हैं।

## जींद बना हरित रेल तकनीक का नया केंद्र

- हाइड्रोजन ट्रेन पहल भारत के रेलवे नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का प्रतीक : अश्विनी वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जींद में भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ को देश के रेल इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पहल भारत के रेलवे नवाचार क्षमताए आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ती ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेल आधुनिकए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी



वैष्णव ने शुक्रवार को जींद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। क्योंकि देश ने हाइड्रोजन आधारित रेल तकनीक के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने आधुनिक व अत्याधुनिक तकनीकों के विकास का संकल्प लिया हैए जिसके तहत हाइड्रोजन को रेलवे संचालन के लिए स्वच्छ ईंधन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### भारत अब चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल

रेल मंत्री ने कहा कि भारत अब उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जिन्होंने हाइड्रोजन से संचालित ट्रेनों के लिए आवश्यक संपूर्ण तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर लिया है। बताया कि जींद में स्थापित हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस संयंत्र में पानी से इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से हाइड्रोजन तैयार की जाती है। जिससे स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होती है और किसी प्रकार का प्रदूषण या हानिकारक उत्सर्जन नहीं होता। यह तकनीक पर्यावरण संरक्षण व हरित परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है।

जींद की जनसभा से लिखी 2029 की राजनीतिक पटकथा, विकास व सुशासन-संगठन के दम पर बड़ा शक्ति प्रदर्शन

# जींद की धरती भाजपा की राजनीति का नया लॉन्च पैड

सतेंद्र पंडित ▶▶। जींद

हरियाणा की राजनीति में 17 जुलाई का दिन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जहां भारत को हरित परिवहन के नए युग में प्रवेश कराया, वहीं अपने संबोधन के माध्यम से स्पष्ट संकेत दिया कि हरियाणा भाजपा की राष्ट्रीय विकास राजनीति का एक प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री का यह दौरा विकास परियोजनाओं के उद्घाटन तक सीमित नहीं रहा। उनके भाषण में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की खुली सराहना, जीद विस से विधायक तथा विस के डिप्टी स्पीकर डा कृष्ण लाल मिढा का पीएम के साथ मंच सांझा करना करना, बडी. भीड़ का जमा होना बागर की धरती पर बड़ा सकेत दे रहा है। पूर्व मे बांगर की धरती को इनेलो का गढ माना जाता था। जिसे काग्रेस टक्कर देती रही। वर्ष 2014 मे प्रधानमत्री नरेद्र मोदी ने जीद मे विधान सभा से पहले रैली की थी। जिसके चलते जिले मे उचाना विधान सभा मे पहली बार कमल का फूल खिला और प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी। वर्ष 2024 विस चुनाव मे जीद की पांच विधान सभा क्षेत्रो मे से चार पर भाजपा का कमल खिला। अब 17 जुलाई को पीएम नरेद्र मोदी ने भाजपा सरकार की कार्यशैली की प्रशंसा तथा कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष राजनीतिक प्रहार ने यह संदेश दिया कि हरियाणा में भाजपा आगामी राजनीतिक संघर्ष भी विकास और सुशासन के मुद्दे पर ही लडन्ना चाहती है। पीएम नरेद्र मोदी ने हरियाणवी अंदाज में कहा, जींद का घी और घेवर तो नहीं बदला, लेकिन जींद के तेवर बदल गए हैं। यह केवल भावनात्मक टिप्पणी नहीं थी, बल्कि राजनीतिक रूप से यह संदेश भी था कि जिस क्षेत्र को कभी राजनीतिक रूप से अलग नजरिए से देखा जाता था, वह अब भाजपा के सुशासन मॉडल की पहचान बन चुका है।



जींद। नाचते-गाते जाते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

## निवेश के नए अवसर पैदा होंगे

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को रवाना करते प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार भारत की पहली ट्रेन का उल्लेख इतिहास में होता है, उसी प्रकार भविष्य में जब भी हाइड्रोजन ट्रेन की चर्चा होगी, तब जींद- सोनीपत और हरियाणा का नाम भी सम्मान से लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह 10 कोच वाली लगभग 3200 हॉर्स पावर क्षमता की हाइड्रोजन ट्रेन है जिसे भारतीय इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और भारतीय उद्योग ने तैयार किया है। इसे भारत की स्वदेशी तकनीकी क्षमता और मेक इन इंडिया की बड़ी उपलब्धि बताया गया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आने वाले समय में हाइड्रोजन तकनीक से जुड़ा औद्योगिक आधार विकसित होगा। जिससे हरियाणा में रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।



## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही फसलें

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि कहा कि पिछले वर्षों में केंद्र सरकार से हरियाणा को बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे, रेलवे स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य ;एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जा रही है तथा प्रदेश सरकार चुनावी संकल्पों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की दिशा में कार्य कर रही है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो जींद का यह आयोजन भाजपा के लिए केवल विकास परियोजनाओं का मंच नहीं था, बल्कि संगठनात्मक शक्ति, जनसमर्थन और नेतृत्व के सामंजस्य का प्रदर्शन भी रहा।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की जान गई

**जींद।** उचाना मील के निकट तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के साथी की शिकायत पर फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खोदलिया झारखंड निवासी सुजीत उचाना मील मे मजूरी करता था। गत दिवस वह साथियों के लिए राशन लेने उचाना मंडी गया हुआ था। वापसी में वह पैदल लौट रहा था। मील के निकट ही तेजर$फतार वाहन ने टक्कर मार दी।

### कई जगह से लाखों का सामान चुराया

**जींद।** जिले में चोरी की अलग-अलग घटनाओं में चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने इन मामलों में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जींद शहर में रोहतक रोड पर स्थित होंडा एजेंसी में चोर एक नई बाइक चुराकर ले गए। एजेंसी मालिक शुभम जिंदल ने एफआईआर में बताया कि चोरी की यह घटना 15 जुलाई रात को हुई है। बाइक की कीमत 96 हजार रुपये से ज्यादा है। शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मायके से ससुराल के लिए निकली महिला लापता

**जींद।** मायके से ससुराल के लिए निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढिगाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी चचेरी बहन मायके से रिश्तेदारों के साथ गाड़ी में जुलाना उतरी थी। जिसके बाद बहन ने फोन कर कहा कि वह ससुराल पहुंच गई है। जबकि वह न तो ससुराल पहुंची और न ही मायके लौटी। तलाशने पर उसकी चचेरी बहन का कोई सुराग नही लगा।

### चाचा ने बेटों संग हमला कर भतीजे को किया घायल

**जींद।** गांव उचाना कलां में जमीन विवाद के चलते हमला कर युवक को घायल करने पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उचाना कलां निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवय वह तथा उसका भाई अमित अपने खेत में काम रहे थे। अमित उससे दूर काम कर रहा था। उसी दौरान उसका चाचा राजकुमार मेड का काटने लगा। जिसका उसने विरोध किया तो राजकुमार तथा उसके बेटों ने उस पर हमला कर दिया।

### संदिग्ध हालात में लड़की लापता, अपहरण का केस

**जींद।** संदिग्ध हालात में नाबालिग लड़की के गायब होने पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना इलाका गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 जुलाई को उसकी नाबालिग बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का सुराग नही लगा। आरोप लगाया कि सोनू ने उसकी बेटी का अपहरण किया हुआ है। सदर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर सोनू के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजकीय कालेज में कानूनी जागरूकता दिवस मनाया

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में लीगल लिटरेसी कमेटी द्वारा वर्ल्ड डे फॉर इंटरनेशनल जस्टिस के मौके पर कानूनी जागरूकता दिवस के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की अलग-अलग कक्षाओं से विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसका संचालन भौतिक विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजीव चहल जी के द्वारा किया गया। इस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमएससी सेकंड ईयर की मुस्कान ने प्रथम स्थान, बीएससी फाइनल की अलका ने द्वितीय स्थान और सुनील कुमार एमएससी फाइनल ईयर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर जयपाल आर्य तथा प्रोफेसर राजेश कुमार जी मौजूद रहे।

### आईटीआई की पहली सीट अलॉटमेंट सूची जारी

# इलेक्ट्रिशियन-वायरमैन ट्रेड में 105 तक पहुंची कटऑफ

### 21 जुलाई तक करवा सकेंगे डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा पंचकूला ने शुक्रवार को प्रदेशभर के सरकारी एवं निजी आईटीआई संस्थानों में दाखिले के लिए प्रथम सीट अलॉटमेंट कम मेरिट सूची जारी कर दी। पहली सूची जारी होते ही अभ्यर्थियों में उत्साह देखने को मिला, वहीं लोकप्रिय ट्रेडों में दाखिला पाना पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। राजकीय आईटीआई कैथल में इलेक्ट्रिशियन और वायरमैन ट्रेड की कटऑफ 105 अंक तक पहुंच गई है, जिससे स्पष्ट है कि इन ट्रेडों में प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गई है।

विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रथम चरण में करीब 35 प्रतिशत सीटों का आवंटन किया गया है। जिन अभ्यर्थियों का नाम पहली सूची में आया है, उन्हें 21 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) करवाना होगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थी 22 जुलाई तक निर्धारित शुल्क जमा कर अपनी सीट पक्की कर सकेंगे। तय समय सीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की



कैथल। राजकीय आईटीआई में दाखिला लेने पहुंच युवा।

सीट स्वतः निरस्त मानी जाएगी। राजकीय आईटीआई कैथल में इस बार दाखिले की राह आसान नहीं रहने वाली है। पहले ही आवेदन प्रक्रिया में प्रदेश के अग्रणी संस्थानों में शामिल रहने के कारण यहां अधिकांश लोकप्रिय ट्रेडों में सीटों के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, फिटर, डीजल मैकेनिक और अन्य रोजगारपरक ट्रेडों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए राजकीय आईटीआई कैथल प्रशासन ने दाखिला समिति (एडमिशन कमेटी) का गठन किया है। यह समिति दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन तथा अन्य प्रवेश संबंधी प्रक्रियाओं की निगरानी करेगी। साथ ही संस्थान परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है, जहां विद्यार्थी और अभिभावक ऑनलाइन प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, फीस जमा करने तथा अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आईटीआई प्रशासन ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और निर्धारित समय के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें। साथ ही जिन अभ्यर्थियों का चयन पहली सूची में नहीं हुआ है, वे निराश न हों। आगामी चरणों में सीटें रिक्त होने पर दूसरी एवं अगली मेरिट सूची जारी की जाएगी, जिससे उन्हें भी प्रवेश का अवसर मिल सकता है। विभाग का उद्देश्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से प्रवेश प्रक्रिया पूरी करना है।

#### यूं रही मैरिट सूची

| कोर्स का नाम | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| कोपा | 105.0 | 58.8 |
| इलेक्ट्रिशियन | 105.6 | 88.8 |
| सीविंग टैक्नोलाजी | 96.4 | 82.0 |
| ड्रेस मेकिंग | 93.0 | 69.0 |
| डीएमएम | 86.0 | 82.0 |
| वुड वर्क टैक्नीशियन | 100.0 | 71.0 |
| सीएचएनएम | 89.6 | 83.0 |
| वायरमैन | 105.0 | 77.2 |
| टर्नर | 80.2 | 65.4 |
| टूल एंड डाई | 100.8 | 46.8 |
| इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक | 98.6 | 65.0 |
| वैल्डर | 98.4 | 44.4 |
| सोलर टैक्नीशियन | 98.0 | 59.2 |

#### पहली सीट अलाटमेंट जारी

राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि शुक्रवार को पहली सीट अलाटमेंट जारी हो चुकी है। जिन विद्यार्थियों को सीट अलाट हुए है तो वे ओरिजनल दस्तावेजों के साथ संबंधित आईटीआई में पहुंचकर दस्तावेज सत्यापन करवाते हुए दाखिला लें। जिन्हें सीट अलाटमेंट नहीं हुई है, उनको अभी दूसरी सूची का इंतजार करना होगा। 21 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन करवाए जा सकते हैं।





जींद। मौके पर जांच करती हुई पुलिस। फोटो :हरिभूमि

## गांव हाट में फायरिंग कर युवक की हत्या

■ पुलिस प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश से जोड़ कर देख रही मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हाट स्थित सींक मोड़ पर शुक्रवार को फायरिंग कर एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर सफीदों पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस प्रथमिक जांच में मामले को प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रहे है। मामले की सूचना मिलते ही सफीदों के डीएसपी गौरव शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद रैली ड्यूटी से तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। इससे पहले सफीदों सदर थाना प्रभारी राजेश कुमार व सिटी थाना प्रभारी राजकुमार पुलिस टीम के घटनास्थल पर पहुंचे हुए थे। पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ मिलकर घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्रित किए। इस दौरान घटनास्थल पर काफी दूरी तक गोलियों के खाली खोल व सिक्के बरामद हुए हैं। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हाट निवासी 32 वर्षीय गुरुदत्त उर्फ कल्लू भवन निर्माण सामग्री बेचने का काम करता था। रोजाना की तरह शुक्रवार को भी वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान दोपहर के समय अपनी दुकान से कुछ दूरी पर माता के पास गया। तभी गांव हाट का ही निवासी युवक चक्रवर्ती अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आया और फायररिंग शुरू कर दी। हमलावर ने कई राउंड फायर किए। जिससे गुरुदत्त शर्मा को करीब तीन गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आरोपित वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत सफीदों के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने उसे पानीपत रेफर कर दिया। पानीपत जाते वक्त गुरुदत्त ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। गुरुदत्त का भाई आर्मी में है।

## विभिन्न ब्लॉकों में 1000 शुद्ध और पौष्टिक भोजन के पैकेट वितरित किए

■ श्री धाम नगर के संस्थापक दया किशन गिल ने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री धाम नगर के संस्थापक दया किशन गिल द्वारा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर भोजन पैकेट के वितरण, व्यापक पेयजल और सुरक्षाकर्मियों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई है। भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जींद दौरे के दौरान आने वाले आम जनमानस और सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे जवानों की सुविधा के लिए श्री धाम नगर में परिसर के विभिन्न ब्लॉकों में 1000 शुद्ध और पौष्टिक भोजन के पैकेट वितरित किए। बोतल और वॉटर कैंपर की व्यवस्था, गर्मी और उमस को देखते हुए पूरे आयोजन स्थल पर हजारों ठंडे पानी की बोतलें और भारी मात्रा में कैंपर स्थापित किए हैं। निरंतर रिफिलिंग रू जनसभा में पहुंचे लोगों को पानी की कोई कमी न हो, इसके लिए निरंतर पानी की आपूर्ति करने के लिए रिफिलिंग की । आंतरिक पार्किंग स्थल पर ऑन ड्यूटी जवानों के लिए विशेष जलपान, सुरक्षा बलों का सम्मान, श्री धाम नगर के अंदर बने आंतरिक पार्किंग स्थल पर तैनात पुलिस बल, यातायात प्रभारियों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई।

#### मील का पत्थर साबित होगी ट्रेन



बिना रुकावट ड्यूटी इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि सुरक्षा में तैनात जवान बिना अपनी जगह छोड़े पूरी ऊर्जा के साथ मुस्तैद रह सकें। जनसेवा पर बात करते हुए श्री धाम नगर के संस्थापक दया किशन गिल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे जींद में आगमन अत्यंत गौरव का क्षण है। भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा के जींद जिले से शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो हमारे पर्यावरण के स्वर्णिम अध्याय के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### वीवीआईपी ड्यूटी पर आए ईएसआई की हृदय गति रूकने से मौत

**जींद।** पीएम की रैली मे वीवीआईपी ड्यूटी पर सिरसा के सब इंसपेक्टर की हृदय गति रूकने से मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के नागरिक हस्पताल के शव गृह मे रखवाया है। गांव लाडवी निवासी सुभाष (52) सिरसा मे ईएसआई के पद पर ड्यूटीरत था। जिस की वीवीआईपी ड्यूटी पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मे लगी थी। रैली सामाप्त होने के बाद सुभाष सिरसा जाने के तैयारी कर रहा था। उसी दौरान उसे छाती मे दर्द महसूस हुआ और हालात खराब होने लगी। सुभाष की बिगड़ती हालात को देख सहयोगी पुलिस कर्मियों द्वारा उसे तुरतं नागरिक अस्पताल लाया गया। जंहा पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक हस्पताल के शव गृह मे रखवाया गया है।

## राजौंद में खुले व टूटे मेनहोल बने हादसों का कारण, प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

कस्बे की मुख्य सड़क के दोनों ओर बने सीवरेज लाइन के मेनहोल इन दिनों राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। ठेकेदार द्वारा मेनहोल तैयार करने के बाद उनके आसपास मिट्टी नहीं भरी गई, जिससे वे सड़क से ऊंचे-नीचे व खुले रूप में पड़े हैं। कई जगहों पर मेनहोल के ढक्कन भी टूट चुके हैं, जिसके चलते गहराई साफ दिखाई देती है और दुर्घटना का जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का निर्माण पहले से ही अधूरा पड़ा है, जिससे



मुख्य सड़क पर टूटा पड़ा मेनहोल, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बना खतरा।

उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं कुछ दिन पहले बनाए गए मेनहोल को भी बिना समतल किए ऐसे ही छोड़ दिया गया। इसके कारण अनजान वाहन चालक कई बार संतुलन खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो चुके हैं। दुकानदारों, नागरिकों और वाहन चालकों में इस लापरवाही को लेकर भारी रोष है। लोगों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से जल्द से जल्द इन मेनहोल को सही करने और सड़क को समतल बनाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।



अटल टिकरिग लैब के बारे में जानकारी देते प्रधानाचार्य बलजीत गोयत।

### बेलरखा की अटल टिंकरिंग लैब में प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि, बेलरखा की अटल टिंकरिंग लैब में आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने शिक्षक को संबोधित करते हुए कहा कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, नवाचार तथा समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से अध्यापक अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा से जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानाचार्य ने प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थी नवीन ,नीतीश द्वारा प्रस्तुत नवाचारों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। प्रशिक्षण में उन्होंने स्वचालन तकनीक का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यालय की लाइटों, पंखों एवं अन्य विद्युत उपकरणों को स्वचालित रूप से नियंत्रित करने वाली प्रणाली का सफल प्रदर्शन किया।

## हाइड्रोजन ट्रेन में बैठने के बाद बच्चों ने शिक्षकों संग ली सेल्फियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ प्रधानमंत्री को पत्र लिख देश की पांचवीं हाइड्रोजन ट्रेन चलाने के लिए बच्ची दीक्षा ने किया धन्यवाद

देश की पांचवीं हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन के बाद जींद रेलवे स्टेशन पर खुशी का माहौल है। ट्रेन में सफर करने के बाद स्थानीय स्कूल के बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ सेल्फियां लीं और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपनी खुशी साझा की। इस दौरान कक्षा 10 की छात्रा दीक्षा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावुक पत्र लिखकर धन्यवाद दिया। पत्र में दीक्षा ने लिखा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आज आपने हमारे जींद रेलवे स्टेशन से विश्व की पांचवीं हाइड्रोजन ट्रेन चला कर हमारे जींद शहर को पूरी दुनिया में नई पहचान दिला दी है। इससे पहले जींद पिछड़ा शहर माना जाता था लेकिन अब यहां कोई भी हमारे शहर को पिछड़ा नहीं कहेगा। उन्होंने आगे लिखा कि जब भी कोई ट्रेन स्टेशन पर आती थी तो लोग उत्साहित हो जाते थे। अब हाइड्रोजन ट्रेन की खूबसूरत बिल्डिंग देखकर सबका मन खुश हो जाता है। दीक्षा ने प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि सर आपने हमारे जींद स्टेशन को इतनी सुंदर बनाया है कि दूर-दूर से लोग इसे देखने आते हैं। आपने 1000 से ज्यादा स्टेशन बनवाए हैं। छात्रा ने पीएम मोदी को मोदी दादा कहकर संबोधित किया और पूरे देश के विकास के लिए शुभकामनाएं दी। पत्र के अंत में दीक्षा ने अपना पता और मोबाइल नंबर भी लिखा। सोशल मीडिया पर यह पत्र वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया पर लोगों की सराहना बटोर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाइड्रोजन ट्रेन न सिर्फ पर्यावरण के लिए अच्छी है बल्कि जींद जैसे छोटे शहरों को भी नई पहचान दे रही है।





नरवाना। छात्राओं के साथ एक्सिस बैंक के अधिकारी मनोज कश्यप।

### एसडी महिला महाविद्यालय में लगा रोजगार मेला

**नरवाना।** शुक्रवार को सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान की अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्लेसमेंट एवम् करियर गाइडेंस सैल के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में एन आई आई टी प्लेसमेंट सेल द्वारा एक्सिस बैंक की और से अधिकारी मनोज कश्यप ने आकर रोजगार पाने की इच्छुक छात्राओं के साक्षात्कार लिए। प्लेसमेन्ट सेल इंचार्ज डॉ0 अनीता छाबड़ा और डॉ0 नयनदीप ने संयुक्त रूप से इस बारे में छात्राओं को जानकारी दी और उन्हें बुला कर उनके भविष्य के लिए उन्हें रोजगार के लिए प्रेरित किया और इस रोजगार मेले में 30 छात्राओं ने भाग लिया मनोज ने छात्राओं का इंटरव्यू लिया इसमें से 9 छात्राओं का चयन हुआ और इनका ऑनलाइन एग्जाम होगा उसके बाद छात्राओं का फाइनल चयन किया जाएगा। डॉ नयनदीप, डॉ अनीता छाबड़ा, डॉ शालू सचदेवा और मधु शर्मा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल उपप्रधान राजकुमार गोयल महासचिव जियालाल गोयल और प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पेट्रोल व डीजल की बचत और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में हरियाणा ने पेश किया उदाहरण

# प्रधानमंत्री की हरित परिवहन की सोच को मिला जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण, पेट्रोल व डीजल की बचत तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के आह्वान का सकारात्मक प्रभाव के शुक्रवार को जींद में आयोजित विशाल जनसभा में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ई व्हीकल्स) के माध्यम से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचकर हरित एवं सतत परिवहन को बढ़ावा दिया। रैली के लिए 155 इलेक्ट्रिक बसों और 311 इलेक्ट्रिक कारों (466 इलेक्ट्रिक वाहनों) का उपयोग किया। इनके अलावा 273 सीएनजी बसों के माध्यम से भी लोग रैली में पहुंचे। ई



जींद। चार्जिंग बस के माध्यम से रैली पर आते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

वाहनों के सुचारू संचालन एवं चार्जिंग की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 41 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए थे। जबकि छह अतिरिक्त (रिजर्व) चार्जिंग स्टेशन भी उपलब्ध रखे गए। इसके अलावा कुल 91 ईवी चार्जिंग गन (नोजल) की व्यवस्था भी की गई। जिससे वाहनों को निर्बाध रूप से चार्ज किया जा सके। यह पहल न केवल ईंधन की बचत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, हरित परिवहन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता का भी परिचायक है। बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग यह दर्शाता है कि नागरिक स्वच्छ एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं। रैली से पूर्व की तैयारियों के दौरान 16 और 17 जुलाई को लगभग 135 इलेक्ट्रिक बसों को ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर चार्ज किया गया। जबकि रैली के दौरान 150 इलेक्ट्रिक कारों ने भी इन चार्जिंग सुविधाओं का लाभ उठाया। जींद की रैली सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नही बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, हरित परिवहन व पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में बढ़ती जागरूकता का भी सशक्त उदाहरण बनी।

#### हरित भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका

बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से संदेश गया कि आधुनिक तकनीक और स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को अपनाकर ईंधन की बचत के साथ-साथ प्रदूषण को भी प्रभावी रूप से कम किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ग्रीन एनर्जी, हरित परिवहन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जींद की यह जनसभा इस बात का प्रमाण है कि आम नागरिक भी इन प्रयासों से प्रेरित होकर पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हरियाणा द्वारा आयोजन में इलेक्ट्रिक वाहनों के व्यापक उपयोग ने यह संदेश दिया है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ.साथ चल सकते हैं तथा हरित भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है।



उचाना। सीएम नायब सिंह सैनी के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### इलेक्ट्रिक वाहन से समर्थकों संग रैली में पहुंचे देवेंद्र अत्री

**उचाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद से एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोनीपत के लिए रवाना किए जाने के अवसर पर उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री अपने समर्थकों के साथ इलेक्ट्रिक वाहन से रैली में पहुंचे। उन्होंने इस अवसर को जींद और हरियाणा के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दिन प्रदेश के विकास के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है।

विधायक ने कहा कि जब भी देश में हाइड्रोजन ट्रेन की बात होगी, हरियाणा के साथ जींद का नाम भी प्रमुखता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जींद को हरियाणा का दिल कहा जाता है और यह जिला समय-समय पर ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह बना है। हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन भारत को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और भविष्य की परिवहन व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने अनेक ऐसी योजनाओं और परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है।

## खबर संक्षेप

### ढांड अनाज मंडी में हवन यज्ञ व विशाल भंडारा

**ढांड।** कस्बा ढांड की अनाज मंडी में शुक्रवार को दादा खेड़े की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि, किसानों की खुशहाली तथा भरपूर फसल की कामना को लेकर विधि-विधान से हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में आढ़तियों, किसानों, व्यापारियों, मुनीमों तथा आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर उत्तम वर्षा, अच्छी फसल और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की प्रार्थना की।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**पूंडरी।** ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए हाबड़ी गांव में एक विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजीत कौर के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें गांव की कई महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान महिलाओं ने हाथों में एक बैनर ले रखा था, जिसके जरिए समाज में दहेज की मांग करने वालों पर कड़ा प्रहार किया गया।

### कल कुरुक्षेत्र पड़ाव में शामिल होंगे अध्यापक

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमर नाथ किठाणिया ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लंबे समय से कार्यरत अतिथि अध्यापकों के अतिशीघ्र नियमितीकरण हेतु राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय पर 23 जून से जारी पड़ाव में 19 जुलाई को बड़ी संख्या में अध्यापक भाग लेंगे।

### दुडाना में आज लगेगा बाबा रोडा का मेला

**राजौंद।** साथ लगते गांव दुडाना में बाबा रोडा का पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मेला आज आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाबा रोडा जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में लगने वाला यह मेला पिछले लगभग 70 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार, 16 जुलाई से खंड पाठ का शुभारंभ किया गया था, जिसका 18 जुलाई को भोग डालकर समापन होगा। इसके उपरांत दीवान सजाया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालु भाग लेंगे।

### 26 जुलाई को गुहला चीका में लगेगा मेला

**कैथल।** एडीसी डॉ सुशील कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 26 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला कैथल में यह मेला गुहला विधानसभा क्षेत्र के लिए सुबह 9 बजे कार्यालय, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गुहला में आयोजित होगा।

### कृषि यंत्र पर अनुदान ड्रा के माध्यम से मिलेगा

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक रविंदर हुड्डा ने बताया कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा सैमम योजना 2026-27 के अन्तर्गत विभिन्न कृषि यन्त्रों पर अनुदान दिया जायेगा। हरियाणा द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान समैम योजना के तहत विभिन्न कृषि यन्त्रों पर अनुदान उपलब्ध करवाने हेतू फरवरी 2026 में विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन मांगे गये थे। जिला कैथल में योजना के तहत 2414 किसानों द्वारा 4439 कृषि यन्त्रों के लिए आवेदन किया था।

## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बोले, विश्व में बज रहा भारत का डंका

# हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ से देश के विकास की रफ्तार होगी तेज

**कैथल के हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल





कैथल। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा जनसभा को संबोधित करते हुए व कृषि मंत्री लाभार्थियों को मकान की चाबी सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद की धरती से भारत देश की पहली और लंबी हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ किया है। इससे भारत देश को मजबूती मिलेगी और विकास की गति में तेजी आएगी। यह भारत के लिए बड़ी सौगात है। इस ट्रेन का संचालन जींद से सोनीपत तक होगा और आने वाले समय में इसके दायरे को बढ़ाया जाएगा। भारत देश बदल रहा है और विश्व में देश का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत बनाने के सपने को हम सब मिलकर साकार करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को कैथल के हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। मंत्री व अन्य अतिथिगणों ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन कर की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, एचएलडीबी चेयरमैन डॉ. अशोक एडवोकेट, लैबरफेड चेयरमैन देवेंद्र पांचाल शामिल रहे।

### आज हर्ष का दिन

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष, गर्व और उत्साह का अवसर है। देश के यशस्वी तथा विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर हरियाणा की पावन भूमि पर पधारे हैं। उनके प्रत्येक हरियाणा दौरे ने प्रदेश के विकास को नई दिशा और नई गति दी है। उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हरियाणा के उज्ज्वल भविष्य का एक नया अध्याय है। इस मौके पर मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढांड से बबली पत्नी गुरमीत, गांव चुहड़माजरा से महेंद्रों पत्नी जयभगवान लाभार्थियों को मकान की चाबी भी सौंपी।

### हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ ऐतिहासिक

पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ किया है। इससे भारत देश के विकास में रफ्तार मिलेगी। हरियाणा की धरती जींद का नाम भी जाना जाएगा। बीजेपी जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि आज दिन हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का अवसर है। आज जींद से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया, उनमें हाइड्रोजन ट्रेन विशेष रूप से ऐतिहासिक है। यह केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन की बहुत बड़ी सौगात भारत को मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। तरक्की के नए आयाम छू रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राजपाल तंवर, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, राव सुरेंद्र, मुनीष शर्मा फरल, जंगीर सिसला, पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी, शक्ति सौदा, मांगे राम जिंदल, चेयरमैन जगमाल राणा, सतीश सिरटा, अवदेश किशोर, सतबीर भाणा, प्रवीण प्रजापति, रामप्रताप गुप्ता, मोहित के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मोदी के कार्यक्रम ने हरियाणा के विकास को दी नई गति

- प्रदेश में पैदा हो रहे रोजगार और निवेश के नए अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से मुलाकात करते भाजपा नेता डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मंडल पूंडरी के अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली ने पूंडरी विधायक सतपाल जांबा के साथ हरियाणा भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से गत दिवस उनके पानीपत स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, किसान हितों तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बलविंद्र मैहला संगरौली ने कहा कि जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम ने हरियाणा के विकास को नई दिशा और नई गति देने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास और सुशासन के नए मानक स्थापित कर रहा है तथा केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वय से हरियाणा को लगातार बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जींद से देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर हरियाणा को स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक परिवहन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई। इसके साथ ही प्रदेश में सडक़, रेलवे, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत ढांचा परियोजनाओं को भी गति मिली है, जिससे रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। डॉ. मैहला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## जींद रैली के लिए हजारों कार्यकर्ताओं संग रवाना हुए विधायक सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। पूंडरी में रैली में जाने से पूर्व विधायक जांबा कार्यकर्ताओं के साथ।

जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा में भाग लेने के लिए पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रवाना हुए। रैली में जाने से पहले गांव मोहना के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-152डी स्थित टोल प्लाजा पर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकास, आत्मनिर्भरता और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा भी विकास के नए आयाम गढ़ते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय है कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत जींद से होने जा रही है। यह केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, प्रदूषण में कमी आएगी और रेलवे के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाएगा।

## डुल्यानी में मोबाइल मेडिकल यूनिट से 108 लोगों को मिली नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**पूंडरी।** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार जनसेवा का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को यह मेडिकल वैन गांव डुल्यानी में पहुंची। जहां आमजन ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ उठाया। लोगों ने इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे घर तक पहुंचाने वाला एक सराहनीय कदम बताया। शिविर के दौरान 84 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 24 व्यक्तियों के रक्त परीक्षण किए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं। पूंडरी हल्का प्रभारी अरविंद गोलन ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा स्वस्थ कैथल अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



पूंडरी। मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सक की टीम मरीजों की जांच करती हुई।

## न्यूज डायरी



### एसडीजेएम व एसडीएम ने किया पौधरोपण

**गुहला-चीका।** उप मंडल विधिक सेवा समिति, गुहला द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं एवं न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों को पौधे वितरित किए गए। उप मंडल न्यायिक दंडाधिकारी (एसडीजेएम) अक्षय चौधरी ने बताया कि उप मंडल विधिक सेवा समिति, गुहला तथा उपमंडल प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गांव भागल, थेहनेवल तथा ककहेड़ी के राजकीय विद्यालयों, खेल मैदानों एवं श्मशान घाटों में भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार यादव भी मौजूद रहे।



### ई-20 से नेताओं का बढ़ रहा कारोबार: देवेंद्र हंस

**सीवन।** गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने शुक्रवार को अपने सीवन स्थित जनसंपर्क कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों के समाधान का भरोसा दिया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर भाजपा का खजाना और उससे जुड़े नेताओं के कारोबारी हित लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि दूसरी ओर महंगाई, बेरोजगारी, महंगे ईंधन, पेपर लीक और बदहाल सड़कों का हर्जाना आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। देवेंद्र हंस ने ई20 पेट्रोल नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लोग माइलेज कम होने और वाहनों पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित हैं।

### असली वोट न कटे, नकली वोट न जुड़े: प्रो. सिंह

**गुहला-चीका।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शुक्रवार को प्रदेश प्रधान महासचिव प्रो. रणधीर सिंह के अनाज मंडी, चीका स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में एसआईआर-2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान, संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन तथा युवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी रणनीति तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. रणधीर सिंह ने कहा कि एसआईआर-2026 लोकतंत्र की शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं होना चाहिए।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए किया जागरूक

**राजौंद।** गांव खेड़ी सिंबल वाली के राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कसान सर्कल की सुपरवाइजर सावित्री देवी और नीलम के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत समाज को जागरूक करना रहा।इस दौरान सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी ने बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना,भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना समय की आवश्यकता है।

### 21 से रोहेड़ा में ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेल

**राजौंद।** खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलों के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खेलों के लिए फार्म जमा करवाने हेतु सभी स्कूलों को 16 व 17 जुलाई निर्धारित की गई थी, जिसके तहत खंड के विभिन्न स्कूलों से लगभग 800 खिलाड़ियों के फार्म प्राप्त हुए हैं।स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार खेलों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेजों की जांच हेतु खंड स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी द्वारा सभी खिलाड़ियों के दस्तावेजों की बारीकी से वेरिफिकेशन की गई और उसके बाद खेलों का विस्तृत शेड्यूल तैयार किया गया।

### वकीलों के हितों के लिए हमेशा काम करते रहेंगे

**कैथल।** हरियाणा पशु धन विकास बोर्ड के चेयरमैन और राष्ट्रीय अधिवक्ता परिषद के सदस्य अशोक सिरसी ने कहा कि वे पहले भी वकीलों के साथ थे और आज भी वकीलों के साथ खड़े हैं। वे वकीलों के हितों के लिए हमेशा काम करते रहेंगे। अशोक सिरसी आज जिला बार परिसर में जिला अधिवक्ता परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर परिषद के जिला अध्यक्ष अमित राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष हरदीप राणु, प्रदेश सचिव राजेश गोरसी, प्रदेश सदस्य बलबीर बंसल, सचिव कृष्ण सैनी, जिला सह मीडिया सलाहकार अंशुल शर्मा, युवा प्रमुख भंवर सिंह, युवा सह युवा प्रमुख विनोद बूरा सहित अन्य वकीलों ने उनका स्वागत किया। मंच संचालन जिला बार एसोसिएशन के सचिव सचिन सिंघल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। अशोक सिरसी ने कहा कि उनका प्रयास है कि हर जिले से पैनल और ट्रिब्यूनल के लिए वहकीलों के नाम सरकार के पास भेजे जाएं।

## दाखिला शेड्यूल जारी, समय पर प्रवेश लेकर भविष्य संवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



डॉ. शकुंतला सिंगला।

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उच्चतर शिक्षा महानिदेशालय, हरियाणा द्वारा संशोधित दाखिला शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने बताया कि सभी छात्राएं निर्धारित समय-सारणी के अनुसार अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें, ताकि किसी भी पात्र छात्रा का दाखिला छूटने न पाए। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 20 जुलाई को पात्र आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद प्रथम चरण की प्रोविजनल मेरिट सूची 21 जुलाई तथा अंतिम मेरिट सूची 22 जुलाई को प्रकाशित होगी। प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्राओं को 23 जुलाई से 27 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवानी होगी। दूसरे चरण की प्रोविजनल मेरिट सूची 28 जुलाई तथा अंतिम मेरिट सूची 29 जुलाई को जारी की जाएगी। इस सूची में चयनित अभ्यर्थियों के लिए फीस जमा कराने की अवधि 30 जुलाई से 3 अगस्त तक निर्धारित की गई है।

## झोलाछाप डॉक्टर को किया गिरफ्तार

- 48 एमटीपी किट व सरकार द्वारा बैन 100 गोलियां हुईं बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। छापेमारी के दौरान कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

स्वास्थ्य विभाग कैथल की टीम ने शुक्रवार को बड़ी करवाई करते हुए सिरटा रोड से एक छोलाछाप डॉक्टर को काबू किया है। टीम ने उसके कब्जे से 48 एमटीपी किट व सरकार द्वारा बैन 100 गोलियां बरामद की हैं। अभियान का नेतृत्व एसएमओ डा. सचिन मांडले ने किया। मांडले ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि कैथल के सिरटा रोड गाली नंबर 4 में बिना लाइसेंस के केमिस्ट की शॉप चला रहा है। मिली सूचना के आधार पर सीएमओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम का गठन किया गया। इसमें डा. सचिन, डा. अजय, डा. चेतन को शामिल किया गया। जिस पर गुप्त सुचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकान पर छापा मारा। मोके से दौरान छोलाछाप डॉक्टर राजेश कुमार निवासी खुराना रोड कैथल को काबू कर लिया। जांच के दौरान वहां से 48 एमटीपी किट व सरकार द्वारा बैन 100 गोलियां बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी कोई लाइसेंस नहीं दिखा पाया। इस पर टीम द्वारा कैथल की एंटी नारकोटिक सैल को सूचित कर दिया गया है। टीम द्वारा सभी दवाओं को सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई एंटी नारकोटिक सैल द्वारा की जाएगी।

## चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में मतदाताओं को किया जागरूक

# एक-एक वोट लोकतंत्र की मजबूती का आधार : डॉ. शकुंतला

**छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की प्रक्रिया समझाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पुंडरी के निर्वाचन प्रकोष्ठ (इलेक्शन सेल ) एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ (कल्चरल सेल ) के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने छात्राओं से मतदान के प्रति जागरूक रहने, स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मतदान के अधिकार, मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की प्रक्रिया तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं अनिवार्य मतदान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती निर्मल द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

### भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

इस अवसर पर लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 'मतदाता जागरूकता' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व, जागरूक मतदाता की भूमिका तथा मताधिकार के सदुपयोग पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विनेश एवं सुमित ने प्रतिभागियों के भाषणों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में छात्रा स्नेहा ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय तथा वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में कार्यक्रम की संयोजिकाओं संगीता सिंगला एवं डॉ. पुष्पा रानी ने सभी उपस्थित अध्यापकगण, निर्णायकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।



# मुख्यमंत्री ने हरियाणा को विकास की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

# आज का भारत दुनिया के सामने विकास के नए मॉडल का उदाहरण पेश कर रहा : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं और विश्वास के प्रतीक होने के साथ-साथ विकसित भारत के शिल्पकार भी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा हरियाणा को 14,721 करोड़ रुपये की लागत वाली 9 महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात प्रदान करने पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को जींद में आयोजित इको फ्रेंडली रैली ने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रभावी संदेश दिया। रैली में आमजन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ई व्हीकल और अन्य ग्रीन एनर्जी से संचालित वाहनों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने उपरांत जींद में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। आज का भारत केवल विकास की बात नहीं करता बल्कि दुनिया के सामने विकास का नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। आधारभूत संरचनाए रेल, सड़क, एक्सप्रेस वे, मेट्रो, स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल व्यवस्था सहित प्रत्येक क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। क्योंकि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कभी भारत दुनिया से तकनीक मांगता था लेकिन आज पूरी दुनिया भारत की तकनीक अपनाना चाहती है। कभी भारत अवसर खोजता था लेकिन आज पूरी दुनिया भारत में अवसर खोज रही है। कभी भारत की क्षमता पर सवाल उठाने वाली दुनिया आज भारत को आत्मविश्वास से भरे नए युग का देश मानने लगी है।

**जींद की इको फ्रेंडली रैली ने ग्रीन एनर्जी और स्वच्छ पर्यावरण का दिया बड़ा संदेश**




## पीएम ने किया हरियाणा का 18वां दौरा, मिल चुकी 7 लाख करोड़ की सौगात



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की बदौलत पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हरियाणा को सात लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्राप्त हुई है। इससे प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे, मेट्रो, स्वास्थ्य संस्थानों तथा अन्य आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 4435 दिनों के समर्पित कार्यकाल में यह उनका हरियाणा का 18वां दौरा है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री प्रदेश को 71 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं समर्पित कर चुके हैं। आज की परियोजनाएं हरियाणा के विकास को नई गति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य पूरा किया गया है तथा हर 10 किलोमीटर पर पीएमश्री अथवा संस्कृति मॉडल स्कूल विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 17 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। जिनमें से 11 कॉलेज पिछले 12 वर्षों में स्थापित हुए हैं जबकि तीन नए मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जा रही है। साथ ही सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वर्ष 2031 तक 20 वर्ष से अधिक पुरानी सभी नहरों के सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा 450 जलाशयों के पुनरुद्धार का कार्य भी तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने चुनाव के दौरान जनता से किए गए 217 संकल्पों में से 66 संकल्प पूरे कर दिए हैं तथा शेष संकल्पों को भी निर्धारित समय में पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर जींद की यह विशाल जनसभा पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाएगा और विकसित भारत की पहली तस्वीर हरियाणा से ही दिखाई देगी। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा सहित हरियाणा के मंत्रीगण, सांसद व विधायक भी उपस्थित थे।

### इको फ्रेंडली रैली की झलकियां

- प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले रेलवे जंक्शन को सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा घेरे में लिया।
- सुबह ही विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों के बच्चे हाइड्रोजन ट्रेन में सवारी को लेकर पहुंचने लगे थे। बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला।
- रेलवे जंक्शन पर रेल यात्रियों को अन्य ट्रेनों में जाने के लिए अलग से रास्ता बनाया गया था ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।
- रेलवे जंक्शन पर हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन पर बीन, हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति का दर्शकों ने खूब आनंद लिया।
- देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन किया तो भारत माता की जय के नारे लगाए गए।
- हाइड्रोजन ट्रेन के दूसरी तरह खड़े लोगों ने प्रधानमंत्री को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने भी हाथ हिलाकर उत्तर दिया।
- रेलवे जंक्शन से बाय रोड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रैली स्थल पर पहुंचे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले को देखने के लिए लोगों में उत्साह दिखा।
- प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शहर में चारों तरफ नाकाबंदी की गई थी और रूट को डायवर्ट किया गया था।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता की जय से भाषण की शुरूआत की।
- रैली में जो फोटो लेकर आए थे, उनसे पीएम ने लेने की बात कही और चित्र के लिए मंच से धन्यवाद किया।
- रैली इको फ्रेंडली थी तो लोग ई वी वाहनों से आए।
- गांवों से ग्रामीणों को लाने के लिए सीएनजी बसों की सेवा ली गई।
- हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर बैलगाड़ी पर सवार होकर रैली स्थल पर गए।
- हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा पैदल ही अपने साथियों के साथ रैली स्थल पर गए।
- जींद की इस गौरवशाली भूमि से राम-राम बोलकर पीएम ने भाषण की शुरुआत की।
- प्रधानमंत्री के हरियाणवी लहजे से भाषण की शुरुआत करने पर पंडाल में उपस्थित लोगों में जोश भर गया।
- रैली समाप्त होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया।
- प्रधानमंत्री के जाने के बाद मार्गों पर से नाके हटा दिए गए और फिर से सभी मार्ग सुचारू हो गए।
- पीएम को देखने और सुनने के लिए उत्साह था ओर एलईडी भी लगाई गई थी।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन में बैठने को बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन में सवारी का सपना साकार होते ही जींद के बच्चों में उत्साह की लहर दौड़ गई। शुक्रवार सुबह से ही शहर के सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चे रेलवे जंक्शन पहुंचने लगे। नीली यूनिफॉर्म और बैग लहराते बच्चे प्लेटफार्म पर खड़े होकर हाइड्रोजन ट्रेन को देख रहे थे। ट्रेन के आगमन से पहले ही जंक्शन पर चहल-पहल छा गई थी। रेलवे प्रशासन द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने ट्रेन में बैठ कर अनोखा अनुभव प्राप्त किया। बच्चों ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन पर्यावरण के अनुकूल हाइड्रोजन ईंधन पर चलती है, जो डीजल या बिजली वाली ट्रेनों से पूरी तरह अलग है। इसमें शून्य कार्बन उत्सर्जन का वादा है। बच्चों के लिए यह न सिर्फ रोमांच का विषय था बल्कि भविष्य की तकनीक का जीवंत उदाहरण भी रहा। जंक्शन पर पहुंचते ही बच्चे ट्रेन के बाहरी स्वरूप, आधुनिक सीटों, डिस्प्ले स्क्रीन्स और शांत इंजन की सराहना करते नजर आए। वहीं जंक्शन पर मौजूद शिक्षकों ने बताया कि हाइड्रोजन ट्रेन में बैठने से बच्चों में वैज्ञानिक जिज्ञासा बढ़ी है। कई बच्चे ट्रेन की स्पीड, ईंधन की बचत और पर्यावरण प्रभाव पर सवाल पूछते रहे। इस अनोखे अनुभव ने जींद के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। हाइड्रोजन ट्रेन अब उनके सपनों और चर्चाओं का केंद्र बन गई।

**हाइड्रोजन ट्रेन से नही निकला धुआं : आयुष**



इंडस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र आयुष ने कहा कि वो हाइड्रोजन ट्रेन को देखने के लिए बहुत उत्सुक थे। अबतक उन्होंने हाइड्रोजन ट्रेन के बारे में सुना था। शुक्रवार को उन्हें ट्रेन में बैठने का मौका मिला है। ट्रेन से बिल्कुल धुआं नही निकलता है और जब यह चलती है तो बिल्कुल शांत और साफ है।

**हाइड्रोन टेन में बैठना गर्व की बात : शौर्य**




इंडस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र शौर्य ने कहा कि देश की पहली हाइड्रोन टेन में पहले दिन ही बैठना अपने आप में गर्व की बात है। हाइड्रोजन ट्रेन की सीटें नरम हैं और खिड़कियां बड़ी-बड़ी। बाहर का नजारा देखते हुए लगा कि ट्रेन हवा में चल रही है।

**इंजीनियर बनकर बनाऊंगा ट्रेन : हन्नी**



इंडस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र हन्नी ने कहा कि यह ट्रेन पानी से बने ईंधन पर चलती है, इसके बारे में सच में बैठकर पता चला। स्पीड भी अच्छी थी। ड्राइवर अंकल ने बताया कि यह भविष्य की ट्रेन है। मैं भी इंजीनियर बनकर ऐसी ट्रेन बनाऊंगा।

**ट्रेन अंदर से बहुत सुंदर : सक्षम**



इंडस स्कूल के छात्र सक्षम ने कहा कि ट्रेन अंदर से बहुत सुंदर है। रोशनी भी खूबसूरत थी। ट्रेन में कोई धुआं या बदबू नहीं। यह ट्रेन सामान्य ट्रेन से ज्यादा तेज और शांत है। हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी के बारे में जानकर लगा कि भारत दुनिया में आगे है। आज का दिन उन्हें हमेशा याद रहेगा।

**पर्यावरण बचाने को अच्छा कदम : रिया**



एमवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराहखुर्द की नौंवी कक्षा की छात्रा रिया ने बताया कि वो हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन के पहले दिन ही इस ट्रेन में बैठे हैं। उन्हें ट्रेन में बैठने की बहुत एक्साइटमेंट था। ट्रेन में टीचर ने बताया कि यह हाइड्रोजन से चलती है। पर्यावरण बचाने के लिए यह बहुत अच्छा कदम है।

**रोमांचक रहा ट्रेन का सफर : अनुष्का**



एमवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराहखुर्द की नौंवी की छात्रा अनुष्का ने बताया कि खिड़की से बाहर देखते हुए लगा कि पेड़ तेजी से भाग रहे हैं। ये ट्रेन बिना धुएं के चलती है तो आसमान साफ रहेगा।

**इको फ्रेंडली रैली का जोश**

# इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों में उचाना से आए भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद से एशिया की पहली तथा विश्व की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के अवसर पर उचाना हलके से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों के माध्यम से जींद पहुंचे। घोघड़िया गांव से जिला सचिव सतीशा देवी के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जींद के लिए रवाना हुए। वहीं युवा नेता संदीप घोघड़िया की अगुवाई में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों का काफिला खटकड़ टोल से जींद के लिए निकला। इस दौरान मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, युवा नेता रमेश काकड़ोद, कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय चहल, मंडल महामंत्री रोहताश खटकड़, मनोनीत



पार्षद नरेश सौंगरी, प्रवीण गर्ग, सत्यनारायण मखंड तथा उचाना मंडल अध्यक्ष सतीश जांगड़ा अपने-अपने काफिलों के साथ रैली में पहुंचे। उधर, उचाना खुर्द स्थित बाबा फुल्लू साध गाशाला से स्वामी वजीरानंद महाराज ने पांच बसों को जींद रैली के लिए रवाना किया। इस अवसर पर सर्वजातीय दादन खाप चबूतरा पालवां के प्रधान रणधीर श्योकंद, राजा डूमरखा, रमेश नंबरदार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जिला सचिव सतीशा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ भारत की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। युवा नेता संदीप घोघड़िया ने कहा कि उचाना के कार्यकर्ताओं में इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने को लेकर विशेष उत्साह रहा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों से जींद पहुंचे, जिससे स्वच्छ ऊर्जा के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश भी गया।

# विश्व की पहली हाइड्रोजन ट्रेन यात्रा के साक्षी बने इंडस स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। हाइड्रोजन ट्रेन में सफर करते हुए स्कूली विद्यार्थी।

विश्व की पहली सबसे बड़ी तथा इको फ्रेंडली हाइड्रोजन ट्रेन में सवार होने का इंडस पब्लिक स्कूल के छात्रों को यात्रा करने का अवसर मिला। विश्व की पहली ट्रेन को पीएम नरेद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद जंक्शन से हरी झंडी दिखाकर सोनीपत के लिए रवाना किया। हाइड्रोजन ट्रेन में सवार इंडस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए रोमांचक रही। हाइड्रोजन ट्रेन को लेकर स्कूल के बच्चों की इतनी अधिक जानकारी थी कि सुनने वालों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। छात्रा मायरा ने कहा कि रेलगाड़ी पर्यावरण के लिए सही है। भविष्य का ऊर्जा का विकल्प भी है। हांलाकि चीन , जर्मनी व जापान में पहले हाइड्रोजन ट्रेन चल रही है। भारत की हाइड्रोजन ट्रेन इन सबसे कही ज्यादा पावरफुल है। इसकी 26 सौ यात्रियों को ले जाने की क्षमता है। खास बात यह है कि ट्रेन पूरी तरह इको फ्रेंडली है। पूर्णतय भारत मे निर्मित है। जिसके पार्ट चेन्नई में बने हैं। इंडस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक सुभाष श्योराण ने बताया कि छात्रों के लिए यह ऐतिहासिक यात्रा नहीं बल्कि नवाचार, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सकंल्प को नजदीक से देखने का अवसर था। यात्रा ने छात्रों को भविष्य में सक्षम बनने संवेदनशील तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी है।

## नशा तस्कर काबू, 1 किलो 122 ग्राम गांजा बरामद, बाइक जब्त



कैथल। थाना चीका पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 1 किलो 122 ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना चीका एसएचओ एसआई प्रवीण कुमार की अगुवाई में एएसआई सुरेश की टीम गश्त पर उधम सिंह चौक चीका पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि सुभाष निवासी गांव थेह बीरथ अवैध रूप से गांजा बेचने का कार्य करता है तथा वह पटियाला रोड चीका स्थित एक पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ लेकर आने वाला है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को उसकी मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया। पूछताछ में संदिग्ध की पहचान सुभाष निवासी थेह बीरथ के रूप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे गुहला नायब तहसीलदार बलराज के समक्ष तलाशी ली गई। आरोपी के कब्जे में एक पॉलीथीन से 1 किलो 122 ग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## कृषि भूमि के सौदे के नाम पर दो किसानों से 50 लाख ठगे

**कैथल।** गांव जाजनपुर में कृषि भूमि के सौदे के नाम पर दो किसानों से 50 लाख रुपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को नामजद किया है। ढांड थाना में दी शिकायत में गांव काकौत के सुधीर कुमार ने बताया कि गांव जाजनपुर के गंगाराम ने अपनी 670 कनाल 9 मरला भूमि में से 40 कनाल कृषि भूमि बेचने का समझौता 15 जुलाई 2025 को उससे और उसके साझेदार अंग्रेज सिंह के साथ किया था। दोनों पक्षों के बीच कुल सौदा राशि 2 करोड़ 5 लाख 50 हजार रुपये तय हुआ। आरोपी गंगाराम ने विभिन्न चेकों और नकद के माध्यम से कुल 50 लाख रुपये बतौर बयाना प्राप्त किए और 15 मई 2026 तक रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार तय तिथि पर वह और उसका साझेदार तहसील पहुंचे, लेकिन विक्रेता रजिस्ट्री कराने नहीं आया। इसके बाद दोनों ने नोटरी के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 26 मई 2026 को आरोपी को कानूनी नोटिस भी भेजा गया, लेकिन उसने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गंगाराम ने अपने पुत्रों और पौत्रों के साथ मिलकर साजिश के तहत 30 मार्च 2026 को रिलीज डीड के माध्यम से 30 कनाल भूमि अपने पौत्रों कविश और शिवांश श्योराण के नाम स्थानांतरित कर दी। शिकायत के अनुसार यह भूमि भी पहले किए गए बिक्री समझौते का हिस्सा थी।

## टावर से आरआरयू उपकरण चोरी करने के मामले में आरोपी काबू



कैथल। टावर से आरआरयू उपकरण चोरी करने के मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव फुसगढ जिला करनाल निवासी संदीप को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला जींद के गांव दालमवाला निवासी रणबीर सिंह की शिकायत अनुसार वह आर.एस. सिक्योरिटी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता है। जो आर.एस. कंपनी इंडस मोबाइल टावर की सुरक्षा की कार्य देखती है। गांव फरल में लगे टावर से 13 मार्च को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा टावर के ऊपर लगे एक आरआरयु उपकरणों को चोरी कर लिया गया। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस द्वारा पहले ही 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी के कब्जे से 1 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कलायत स्टेशन के पास मिला शव

**कलायत।** कलायत के रेलवे स्टेशन के पास एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान गांव कुराड़ निवासी बिट्टू के रूप में हुई। घटनास्थल के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की उन्हें रेलवे स्टेशन के पास एक युवक का शव नजर आया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली और उनके आधार पर उसके परिजनों को मौके पर बुलवाया। गांव कुराड़ के सरपंच प्रतिनिधि रणधीर सिंह व परिजनों ने बताया कि पुलिस द्वारा उनके पास सूचना और मृतक की फोटो आई जिसे उन लोगों ने पहचान लिया। मरने वाला उनके गांव की गिल पट्टी का रहने वाला करीब 28 वर्षीय बिट्टू है। बिट्टू नरवाना में दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता है। आज सुबह वह घर से नरवाना जाने के लिए आया था। बिट्टू अविवाहित है और उसके भाई की मौत पहले ही हो चुकी है। इस समय वह तथा उसकी बूढ़ी मां ही परिवार में रहते थे। एएसआई विक्रम सिंह ने बताया कि शव के शरीर पर कोई चोट आदि का निशान नहीं है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**जागरूकता** रैली से पहले और बाद तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया विशेष सफाई अभियान

# प्रधानमंत्री मोदी की रैली में स्वच्छता अभियान बना मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- **प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा की स्वच्छता व्यवस्था की सराहना की**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इको फेंडली रैली से कई दिन पहले शुरू हुआ विशेष स्वच्छता अभियान रैली संपन्न होने के बाद शुक्रवार को भी जारी रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर पूरे शहर, मुख्य मार्गों, पार्किंग स्थलों, रैली स्थल और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का व्यवस्थाओं को लेकर विशेष फोकस रहा। रैली से पूर्व रैली की व्यवस्थाओं से संबंधित बैठकों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने व्यवस्थाओं में जुटे कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से स्वच्छता पर ध्यान देने पर जोर दिया था। रैली पूरी तरह इको फ्रेंडली हो तथा आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए विशेष रूप से कहा गया। शुक्रवार को रैली से पहले और बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मियों के साथ मिलकर सड़कों की धुलाई, कचरा उठान, पर्याप्त डस्टबिन की व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई सुनिश्चित की। रैली में हजारों लोगों की उपस्थिति के बावजूद पूरे आयोजन के दौरान स्वच्छता व्यवस्था प्रभावी और सुव्यवस्थित रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने संबोधन में हरियाणा में चल रहे स्वच्छता अभियान और स्वच्छ वातावरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता जनभागीदारी से ही सफल होती है और हरियाणा इस दिशा में प्रेरणादायी कार्य कर रहा है। रैली के समापन के तुरंत बाद व्यापक सफाई अभियान पुनः चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए पूरे रैली स्थल पर पूर्णतः स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए सफाई अभियान चलाया। कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी उतनी ही महत्वपूर्ण रहती है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा के प्रति विशेष स्नेह लगातार दिखाई देता है। देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देकर उन्होंने हरियाणा को राष्ट्रीय विकास के अग्रणी राज्यों की कतार में और मजबूत स्थान दिलाया है।



जींद। रैली स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाए हुए। फोटो : हरिभूमि

### 19 जुलाई तक चलेगा सफाई अभियान : डॉ. गुप्ता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता अब केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनआंदोलन बन चुकी है। जींद की ऐतिहासिक रैली में कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण और अनुशासन के साथ सफाई व्यवस्था संभाली, वह संगठन की सेवा भावना का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 19 जुलाई तक पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। जिसके तहत सभी जिलों में कार्यकर्ता सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, पार्कों और धार्मिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को भी इसमें सहभागी बनाएंगे।